पंकज कुमार
PANKAJ KUMAR
सचिव
SECRETARY

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास
और गंगा संरक्षण विभाग
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF JAL SHAKTI
DEPARTMENT OF WATER RESOURCES,
RIVER DEVELOPMENT & GANGA REJUVENATION

सन्देश

मुझे यह जानकर हर्ष एवं गौरव की अनुभूति हो रही है कि राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की, "जलवायु परिवर्तन एवं जल प्रबंधन" जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राजभाषा हिंदी में "राष्ट्रीय जल संगोष्ठी-2023" का आयोजन कर रहा है । मुझे अवगत कराया गया है कि इस संगोष्ठी में शोधपत्र लेखन से लेकर प्रस्तुतिकरण तक का समस्त कार्य राजभाषा हिंदी में निष्पादित किया जायेगा । इस संगोष्ठी में देश के कोने-कोने से आये वैज्ञानिक, इंजीनियर, शिक्षाविद एवं शोध छात्र उपर्युक्त विषय से सम्बंधित अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे ।

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की द्वारा जल के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य सराहनीय है। यह प्रसन्नता का विषय है कि जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार का एक संस्थान जल संसाधनों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विश्वस्तरीय अनुसंधान करने के साथ-साथ वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रकृति के कार्यों में प्रेरणा एवं प्रोत्साहन के माध्यम से राजभाषा हिंदी का यथा संभव प्रयोग कर रहा है।

इस संगोष्ठी में सम्मिलित किए गए शोध पत्रों के सारांशों को एक स्मारिका के रूप में जन साधारण के समक्ष प्रस्तुत करने का संस्थान का यह प्रयास प्रशंसनीय है। इस स्मारिका में लगभग 80 शोध पत्र सारांशों को संकलित किया गया है । मुझे विश्वास है कि हिंदी में किए जा रहे इस प्रकार के विशिष्ट कार्यों द्वारा जल संसाधन के क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जानकारियों को अपनी लोकप्रिय भाषा के माध्यम से आम नागरिकों तक पहुंचाने में अपेक्षित सहायता मिलेगी ।

मैं इस संगोष्ठी के आयोजन से जुड़े समस्त पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूँ तथा संगोष्ठी की सफलता की मंगल कामना करता हूँ ।

धन्यवाद ।

पंकज कुमार
(पंकज कुमार)